सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 353 | इंदौर, शुक्रवार 10 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## दीवारें तोड़ीं तो सोना निकला, बेड खोला तो कैश... RTO ऑफिस के पूरे सिस्टम पर ही सवाल



**आगरा, (एजेंसी)** पहले बेड खुला, फिर सोफा. उसके बाद फॉल्स सीलिंग हटाई गई और आखिर में दीवारों पर हथौड़े चले. विजिलेंस टीम जिस जगह हाथ डालती गई, वहां से कभी नोटों के पैकेट निकले, कभी सोने और चांदी के आभूषण .आगरा में  पूर्व एआरटीओ ललित कुमार के घर हुई छापेमारी के बाद जांच एजेंसियां अब यह समझने में जुटी हैं कि पूरा घर ही आखिर एक 'हाई-सिक्योरिटी वॉल्ट' में कैसे बदल गया था.

उत्तर प्रदेश विजिलेंस की कार्रवाई में सामने आई तस्वीरें और शुरुआती जांच से जुड़े दावे परिवहन विभाग में चर्चा का विषय बने हुए हैं. आरोप है कि वर्षों में जुटाई गई कथित अवैध संपत्ति को छिपाने के लिए घर के सामान्य हिस्सों को भी सीक्रेट स्टोरेज में बदल दिया गया था. जांच के दौरान करीब 13 किलोग्राम सोना, 1.62 करोड़ रुपये नकद, निवेश संबंधी दस्तावेज और कई संपत्तियों के रिकॉर्ड मिलने का दावा किया गया है. ऐसे में लोग अब पूरे आरटीओ ऑफिस के सिस्टम पर ही सवाल करने लगे हैं.

विजिलेंस अधिकारियों के मुताबिक, ललित कुमार के खिलाफ लंबे समय से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें मिल रही थीं. पहले गोपनीय सत्यापन किया गया. जब प्रारंभिक जांच में आरोपों के समर्थन में सामग्री मिली तो विशेष अदालत से सर्च वारंट लिया गया. इसके बाद एक साथ कई ठिकानों पर कार्रवाई शुरू हुई. शुरुआत में जांच सामान्य तलाशी जैसी थी, लेकिन जल्द ही अधिकारियों को समझ आ गया कि मामला साधारण नहीं है. जांच से जुड़े सूत्रों का दावा है कि घर में कई जगह ऐसी संरचनाएं बनाई गई थीं जिनका सामान्य उपयोग नहीं था. बेड के भीतर विशेष खांचे. सोफे के अंदर छिपे बॉक्स. फॉल्स सीलिंग में बने बंद चेंबर. दीवारों के भीतर सीक्रेट लॉकर. स्टोर रूम में अलग कैविटी. हर नई जगह खुलने के साथ कथित तौर पर नकदी, सोना या दस्तावेज मिलने लगे. जांच अधिकारियों के मुताबिक, सामान्य नजर से इन स्थानों का पता लगाना लगभग असंभव था.

जांच के दौरान सबसे अहम मोड़ तब आया जब टीम ने कुछ दीवारों पर संदेह जताया. सूत्रों के अनुसार, दीवारों की मोटाई और निर्माण में अंतर देखकर जांच टीम ने उन्हें खंगालना शुरू किया.

● किसानों को दिन में मिलेगी सिंचाई के लिए बिजली, सीएम बोले-

# शाजापुर के हर गांव तक पहुंचेगा नर्मदा का पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए कृषि और किसानों का कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि किसानों को अब चरणबद्ध तरीके से सिंचाई के लिए दिन में ही पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उन्हें रात में खेतों पर नहीं जाना पड़े। साथ ही शाजापुर जिले के हर गांव तक नर्मदा का पानी पहुंचाने का काम भी तेजी से किया जाएगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को शाजापुर जिले के कालापीपल में आयोजित किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करीब 30.86 करोड़ रुपये की लागत वाले 12 विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इनमें 4 नए कार्यों का भूमि पूजन और 8 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

### अब पूरे साल के लिए एक ही फसल ऋण उपलब्ध होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) और केन-बेतवा जैसी नदी जोड़ो परियोजनाओं से आने वाले समय में लाखों हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित होगी। इसका सीधा लाभ शाजापुर सहित कई जिलों के किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब किसानों को खरीफ और रबी फसल के लिए अलग-अलग ऋण लेने की



जरूरत नहीं होगी। सरकार पूरे साल के लिए एक ही फसल ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर रही है, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गौपालकों को विशेष सहायता भी दी जाएगी।

### लाड़ली बहनों को अब तक दी 60 हजार करोड़ की राशि

मुख्यमंत्री ने बताया कि लाड़ली बहना योजना के तहत अब तक प्रदेश की महिलाओं के खातों में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। इससे लाखों महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों में निवेश लगातार बढ़ रहा है, जिससे युवाओं के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। सरकार सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### कालापीपल में चार लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण भी किया। किसान भाइयों ने उन्हें हल और गजमाला भेंट कर सम्मानित किया, जबकि महिला किसानों ने राखी बांधकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कालापीपल क्षेत्र में 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया रिकॉर्ड बनेगा।

### सीएम यादव ने किया रोड शो

इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शाजापुर तेजी से शिक्षा और स्वास्थ्य का केंद्र बन रहा है। जिले में मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज और नए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना से स्थानीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने कालापीपल में रोड शो किया।

# निगम को कहीं पर भी सांची पाइंट लगाने का अधिकार नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बीते कई वर्षों से नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर लगने वाले सांची पाइंट की अनुमति देना बंद कर रखी थी। निगम मार्केट विभाग के रिकार्ड में 250 सांची पाइंट का ही उल्लेख है, लेकिन उसके बावजूद इससे चार गुना ज्यादा सांची पाइंट अवैध रूप से शहर के कई इलाकों में लगे हैं। अब निगम कई स्थानों पर सांची पाइंट के लिए जगह ढूंढकर सांची दुग्ध संघ को बताएगा और उसके बाद वहां सांची पाइंट लगाने को लेकर काम शुरू होगा। सांची पाइंट के मामले में शुरू से ही गड़बडिय़ां रही हैं और कई जगह तो शिफ्टिंग के नाम पर बड़े  खेल हो रहे हैं।

नगर निगम का मार्केट विभाग शहर में वैध-अवैध गुमटियों से लेकर बाजारों में लगने वाले हाट बाजारों को लेकर कई जगह कार्रवाई करता रहा है। वर्षों पहले शहर में गुमटियां भी वैध किए जाने का मामला बंद कर दिया गया था। वर्षों पहले आखिरी दौर में 999 गुमटियां अवैध से




वैध की गई थीं। गुमटियों के साथ-साथ सांची पाइंट के मामले भी निगम मार्केट विभाग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहे हैं, क्योंकि इनमें से कई का किराया भी नहीं आता और कई बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मनचाही जगह पर लगा लिए हैं। मार्केट विभाग के अफसरों की मानें तो विभाग के रिकार्ड में करीब 250 सांची पाइंट शहरभर में हैं। अब नगर निगम की योजना है कि शहर की प्रमुख सडक़ों पर नए सांची पाइंट बनाने के लिए जगह ढूंढी जाए और वहां सारी प्रक्रियाएं कर उसे नीलाम किया जाए। अब तक ऐसी कोई योजना निगम में पहले नहीं रही और अब शुरुआती दौर में ही कई अधिकारी इस पर दबे स्वर में सवाल खड़े कर रहे हैं। पहले से ही शहर के अलग-अलग इलाकों में सांची पाइंट अवैध रूप से न केवल लगा लिए गए, बल्कि वहां दूध और डेरी प्रोडक्ट बेचने के नाम पर पूरी किराने की दुकान ही खोल ली गई है। नगर निगम द्वारा वर्ष 2006 से सांची पाइंट पार्लर की किसी प्रकार की अनुमति देना बंद कर दी गई थी और इसके लिए सख्त नियम निगम ने ही तैयार किए थे, मगर उसके बावजूद बीते वर्षों में शहर के कई चौराहों पर अवैध रूप से सांची पाइंट लगते रहे हैं। वर्ष 2005 में जब नए सांची पाइंट के लिए अनुमति ली जाती थी तो नगर निगम द्वारा ही अनेक प्रक्रियाओं के साथ-साथ आईडीए, जिला प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस के अलावा कई अन्य विभागों की अनुमतियां मंगाई जाती थीं और उन अनुमतियों के बाद अफसरों की टीम लगने वाले सांची पाइंट का निरीक्षण करती है और फिर मंजूरी दी जाती है।



# इंदौर-अबुधाबी की पहली उड़ान का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर से पहली बार शुरू होने जा रही अबुधाबी की सीधी उड़ान का शुभारंभ 15 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल की टर्मिनल-1 बिल्डिंग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा पहले इंदौर से शारजाह के बीच सीधी उड़ान का संचालन किया जाता था, लेकिन अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच हुए युद्ध के कारण 28 फरवरी से कंपनी ने इस फ्लाइट को बंद कर दिया था। इसके बाद कई बार इस फ्लाइट को दोबारा शुरू करने की घोषणा की गई, लेकिन हर बार ये आगे बढ़ती रही। कुछ समय पहले कंपनी



ने इस फ्लाइट को बंद करने की घोषणा के साथ सिस्टम से हटा दिया। वहीं अगले ही दिन शारजाह के बजाय इंदौर से अबूधाबी की फ्लाइट शुरू करने की घोषणा की। यह फ्लाइट 15 जुलाई से शुरू होने जा रही है। इंदौर से पहली बार अबुधाबी के लिए शुरू हो रही इस फ्लाइट को लेकर यात्रियों में उत्साह है। इसे ही देखते हुए एयरलाइंस इसकी शुरुआत पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है और मुख्यमंत्री खुद इस कार्यक्रम में शामिल होकर विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई सेवा के शुरू होने से इंदौर का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सीधा हवाई संपर्क फिर से बहाल हो जाएगा। इसका लाभ बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को मिलेगा। ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि यह फ्लाइट सप्ताह में चार दिन रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। एयरलाइन ने शुरुआती किराया करीब 13 से 14 हजार रुपए रखा है। सीधी उड़ान होने से यात्रियों का समय और खर्च दोनों कम होंगे। यह फ्लाइट सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को इंदौर से शाम 7.50 बजे रवाना होकर यूएई के स्थानीय समयानुसार रात 9.35 बजे अबुधाबी पहुंचेगी। रविवार को यह उड़ान एक घंटे देरी से संचालित होगी। यात्रा का समय करीब सवा तीन घंटे रहेगा। यह फ्लाइट सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को यूएई के स्थानीय समयानुसार रात 10.35 बजे रवाना होकर भारतीय समयानुसार देर रात 3.20 बजे इंदौर पहुंचेगी। रविवार को यह उड़ान भी एक घंटे देरी से संचालित होगी। यात्रा का समय करीब सवा तीन घंटे रहेगा।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी नहीं बच पाए इंदौर के ट्रैफिक जाम से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बुधवार शाम इंदौर के एमआर-10 ब्रिज पर भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। हजारों लोगों और सैकड़ों वाहनों की भीड़ के बीच मंत्री का वाहन भी काफी देर तक फंसा रहा और बेहद धीमी गति से रेंगते हुए वहां से आगे निकल सका। मंत्री को ट्रैफिक जाम में फंसा देखकर लोग उनके फोटो खींचने लगे और वीडियो बनाने लगे। हालांकि इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय काफी सहज नजर आए। उन्होंने लोगों को प्रतिक्रिया भी दी और हंसते हुए फोटो भी खिंचवाए। कुछ देर के बाद जाम खुला और मंत्री समेत जाम में फंसी सभी गाड़ियों को वहां से निकलने का रास्ता मिला। शहर में इन दिनों शाम के वक्त यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर रोजाना यही स्थिति देखने को मिल रही है, जिससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़



रहा है। मानसून आने के बाद शहर के कई क्षेत्रों में तो लगातार ट्रैफिक जाम लग रहा है। विजय नगर, पलासिया, देवास नाका, राजवाड़ा और बड़ा गणपति क्षेत्र में तो लोग शाम के समय घंटों ट्रैफिक जाम में फंस रहे हैं। मानसून आने के बाद शहर में ट्रैफिक जाम बहुत अधिक बढ़ गया है। रिंग रोड और बाईपास पर हो रहे निर्माण कार्यों के कारण भी लगातार तेजी से जाम की स्थिति बन रही है। कल कलेक्टर शिवम वर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ खुद सभी ट्रैफिक जाम वाले मौके पर दौरा किया और यह कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य किया जाए ताकि शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिले। शहर में कई जगह ब्रिज और फ्लायओवर के काम चल रहे हैं, इनके आसपास की सर्विस रोड पर स्थिति ठीक न होने के वजह से हालात अधिक बिगड़ रहे हैं।

# सहकारिता एवं पंजीयक आयुक्त ने सहकारिता विभाग की समीक्षा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं दीपक सिंह ने गुरुवार को इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, इंदौर के सभागार में इंदौर संभाग के सहकारिता विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक ली। बैठक में सहकारिता विभाग के संभागीय एवं जिला अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, दुग्ध सहकारी संघ, विपणन सहकारी संघ तथा अपेक्स बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में सहकारी केंद्रीय बैंकों द्वारा संचालित सदस्यता अभियान, नवीन सदस्यों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) उपलब्ध कराने, 'सहकार से समृद्धि' अभियान, परिसमापनाधीन संस्थाओं के पंजीयन निरस्तीकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, नियमित एवं लंबित अंकेक्षण,




अंकेक्षण शुल्क वसूली, किसानों को ऋण वितरण एवं वसूली, पैक्स के बहुउद्देशीय व्यवसाय, पैक्स कम्प्यूटरीकरण, दुग्ध सहकारी संस्थाओं के गठन एवं पंजीयन, रासायनिक उर्वरकों के वितरण तथा सहकारी संस्थाओं के खाते सहकारी बैंकों में संचालित किए जाने सहित विभिन्न विषयों की संस्थावार एवं अधिकारीवार समीक्षा की गई। दीपक सिंह ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को नियमित ऋणों की 100 प्रतिशत तथा बकाया ऋणों की 50 प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए माहवार लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने क्रिस योजना के तहत एनपीए ऋणों की वसूली के लिए जिला कलेक्टरों की एजेंडा सूची में लक्ष्य निर्धारण कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में संभागीय संयुक्त आयुक्त को पैक्स सदस्यता अभियान एवं नए केसीसी वितरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ऋण वसूली में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं करने तथा कालातीत ऋणों के मामलों में संबंधित स्वीकृति अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त ने अकार्यशील सहकारी संस्थाओं के नियमानुसार पंजीयन निरस्त करने के लिए माहवार कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करने को कहा। झाबुआ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को ऋण वसूली में विशेष प्रयास करते हुए बैंक को कमजोर श्रेणी से बाहर लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संभागीय संयुक्त आयुक्त श्री बी.एल. मकवाना ने पॉवरपॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न विषयों की प्रगति से अवगत कराया। इसके बाद जिलावार वन-टू-वन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अधिक मेहनत, लगन और लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए गए।

# व्यापारी ने क्राइम ब्रांच की महिला आरक्षक पर लगाए गंभीर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में पुलिस की छवि पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला सामने आया है। जहां इंदौर क्राइम ब्रांच में पदस्थ आरक्षक रेणुका वरकिया और उनके परिवार पर एक व्यापारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि महिला आरक्षक ने अपने पुलिस पद का रौब दिखाते हुए पति, ससुर और अन्य परिजनों के साथ मिलकर न सिर्फ विवाद किया, बल्कि चाकू, हॉकी और डंडों के साथ डराने-धमकाने की कोशिश भी की।

पीड़ित ने पूरे घटनाक्रम के सीसीटीवी फुटेज और अन्य दस्तावेज पुलिस कमिश्नर को सौंप दिए हैं।शिकायत मिलने के बाद पुलिस कमिश्नर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश जारी करते हुए पूरा प्रकरण एडीसीपी मल्हारगंज को भेज दिया है। शिकायतकर्ता व्यापारी शेखर ठाकुर का आरोप है कि 17 जनवरी 2026 को मल्हारगंज थाना क्षेत्र में हुए विवाद के दौरान महिला आरक्षक के परिवार ने चाकू, हॉकी और डंडों के साथ हमला करने का प्रयास किया। उनका दावा है कि घटना के दौरान महिला आरक्षक ने अपने ससुर से धारदार चाकू निकलवाकर हवा में लहरवाया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। व्यापारी का कहना है कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने उनका मेडिकल तो कराया, लेकिन एफआईआर दर्ज करने के बजाय केवल एनसीआर दर्ज की। शिकायतकर्ता का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज मौजूद होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और बाद में महिला आरक्षक ने उन्हीं के खिलाफ झूठा मामला दर्ज करा दिया। फिलहाल पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एडीसीपी मल्हारगंज मामले की जांच करेंगे। जांच में सीसीटीवी फुटेज, दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। वही डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि फरियादी शेखर ठाकुर ने पुलिस जनसुनवाई में शिकायत की थी कि अपराध शाखा में पदस्थ रेणुका ने पड़ोस में रहने वाले से विवाद के बाद छेड़खानी की धारा में कायमी की गई थी और पड़ोसी ने भी आवेदन पुलिस को दिया था मगर उसकी तरफ से कोई एफआईआर नहीं लिखी गई थी जिसको लेकर शेखर ठाकुर द्वारा जिला कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है वही घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसकी जांच करने और कोर्ट के आदेश के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## 10 हजार गौवंश क्षमता वाली आधुनिक गौशाला का निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में बेसहारा गौवंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में नगर निगम की महत्वाकांक्षी परियोजना अंतिम चरण में पहुंच गई है। आशापुरा क्षेत्र में बनाई जा रही 10 हजार गौवंश क्षमता वाली आधुनिक गौशाला का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसके शुरू होने के बाद शहर के बेसहारा गौवंश को सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त स्थायी आश्रय मिल सकेगा। हाल ही में महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित जनप्रतिनिधियों ने गौशाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। महापौर ने बताया कि पहले नगर निगम परिषद क्षेत्र स्थित रेशम केंद्र के सामने संचालित गौशाला में करीब 600 गौवंश का संरक्षण करता था, जबकि वर्तमान में नगर निगम की विभिन्न गौशालाओं में ढाई हजार से अधिक गौवंश का बेहतर सुविधाओं के साथ पालन-पोषण किया जा रहा है।

महापौर के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से आशापुरा क्षेत्र में करीब 80 बीघा भूमि उपलब्ध कराई गई, जहां जनभागीदारी के माध्यम से रिकॉर्ड समय में इस आधुनिक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी क्षमता एक साथ 10 हजार गौवंश के संरक्षण की होगी। नगर निगम के मुताबिक निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही गौशाला का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद शहर में सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा गौवंश को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे पशुओं के संरक्षण के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं और यातायात संबंधी समस्याओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

# हेड कॉन्स्टेबल ने महिला पुलिसकर्मी को कार में बंद किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है जहां पुलिस विभाग के ही एक वरिष्ठ कर्मचारी पर संगीन आरोप लगे हैं। बाणगंगा थाना पुलिस ने देवास पुलिस लाइन में वर्तमान में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा के विरुद्ध विभाग की ही एक महिला कॉन्स्टेबल के साथ अभद्र व्यवहार करने, जान से मारने की धमकी देने और कार में बंधक बनाने के आरोपों के तहत बुधवार को आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरोपी हेड कॉन्स्टेबल विगत लंबे समय से लगातार उसका पीछा कर रहा था, विभिन्न माध्यमों से फोन करके मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था और उस पर विवाह करने के लिए निरंतर अनुचित दबाव बना रहा था।

पुलिस विभाग से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला आरक्षक ने बाणगंगा पुलिस थाने में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता ने पुलिस को विस्तार से बताया कि वह आरोपी राहुल शर्मा को लगभग एक वर्ष से जानती है। इन दोनों की पहली मुलाकात और पहचान देवास जिले में एक साथ पदस्थापना के दौरान हुई थी। शुरुआत के दिनों में दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती थी, परंतु कुछ समय बीतने के बाद राहुल शर्मा उसे असमय और बार-बार फोन करने लगा। जब महिला कॉन्स्टेबल ने इस पर आपत्ति जताई और बातचीत करने से साफ मना कर दिया, तब भी आरोपी लगातार बात करने के लिए अनुचित दबाव डालता रहा। पीड़िता ने अपने बयान में इस बात का भी उल्लेख किया है कि राहुल शर्मा की इन हरकतों और लगातार बढ़ती मानसिक प्रताड़ना से वह अत्यधिक परेशान हो चुकी थी। इसी प्रताड़ना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से उसने देवास से अपना स्थानांतरण इंदौर करवा लिया था ताकि वह शांतिपूर्वक अपना कार्य कर सके। इसके बावजूद आरोपी की हरकतों में कोई कमी नहीं आई और उसने इंदौर में भी पीड़िता का पीछा करना जारी रखा। जब पीड़ित महिला कर्मचारी ने आरोपी का मुख्य मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया, तो आरोपी राहुल शर्मा ने हार



नहीं मानी और वह अलग-अलग नए नंबरों से फोन करके पीड़िता को लगातार डराने-धमकाने लगा। वह कई बार ड्यूटी के दौरान और आते-जाते समय उसका पीछा भी किया करता था। दर्ज कराई गई शिकायत के विवरण के मुताबिक आरोपी राहुल शर्मा ने पीड़िता को मानसिक रूप से तोड़ने के लिए कई बार यह धमकी भी दी कि यदि महिला आरक्षक ने उससे बातचीत बंद की तो वह स्वयं अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेगा और इसका जिम्मेदार उसे ठहराएगा। प्रताड़ना का सिलसिला यहीं नहीं रुका, बल्कि एक बार तो वह महिला कॉन्स्टेबल का पीछा करते हुए एक शासकीय चिकित्सालय तक पहुंच गया, जहां महिला आरक्षक शासकीय कार्य से किसी मामले के पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराने गई थी। अस्पताल जैसी सार्वजनिक जगह पर भी आरोपी ने महिला से जबरन बात करने का प्रयास किया और वहां विवाद की स्थिति उत्पन्न कर दी।

### चलती कार में बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप

महिला कॉन्स्टेबल द्वारा लगाए गए आरोपों में सबसे गंभीर घटना कार में बंधक बनाने से जुड़ी है। पीड़िता का आरोप है कि एक दिन राह चलते राहुल शर्मा ने उसे जबरदस्ती अपनी कार के भीतर बैठा लिया। बाणगंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार के अंदर ही आरोपी ने पीड़िता का मोबाइल छीन लिया और उस पर तत्काल शादी करने के लिए दबाव बनाने लगा। जब पीड़ित महिला ने विरोध करते हुए कार से बाहर निकलने का प्रयास किया, तो आरोपी ने कार के सभी दरवाजे अंदर से लॉक कर दिए और महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच महिला के मोबाइल पर उसकी माता का फोन आया। महिला ने किसी तरह फोन उठाकर अपनी मां को सूचित किया कि राहुल ने उसे कार में बंधक बना रखा है और वह संकट में है। इस बात की जानकारी मिलते ही पीड़िता के भाई और पिता तुरंत बताए गए घटना स्थल पर पहुंचे। अपने सामने पीड़िता के परिजनों को आते देख आरोपी घबरा गया और तेजी से कार चलाकर मौके से फरार हो गया। स घटना के तुरंत बाद पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल ने बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया और उन्हें अपने साथ हुई पूरी आपबीती और प्रताड़ना से अवगत कराया। महिला सहकर्मी की गंभीर शिकायत को संज्ञान में लेते हुए बाणगंगा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा के खिलाफ छेड़छाड़, बंधक बनाने, मारपीट करने, डराने-धमकाने और अन्य संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच प्रारंभ कर दी गई है और फरार चल रहे आरोपी हेड कॉन्स्टेबल की गिरफ्तारी के लिए तलाश तेज कर दी गई है।

## छत से गिरकर 12 वर्षीय छात्रा की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के कुंदन नगर में एक हादसे में 12 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मासूम अपने घर की छत पर खेल रही थी, तभी संतुलन बिगड़ने से दूसरी मंजिल से नीचे गिर पड़ी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, यहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। बालिका का नाम जान्हवी यादव (12) पिता मुकेश यादव निवासी कुंदन नगर है। वह 6वीं की छात्रा थी। बुधवार शाम करीब 5 बजे वह घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गई। हादसे के बाद परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि परिजन उसे निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही जान्हवी ने दम तोड़ दिया। द्वारकापुरी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। नजदीकी लोगों ने बताया कि जान्हवी के भाई की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। जान्ही अपनी नानी के यहां रहती है। उसकी एक बहन है, जबकि पिता अलग रहते हैं और ऑटो चालक है।

# जैन मंदिर जा रही महिला से चेन लूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजमोहल्ला क्षेत्र में गुरुवार सुबह जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही एक महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन आरोपियों ने हथियार दिखाकर उन्हें डराया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।**

मल्हारगंज थाना पुलिस के अनुसार फरियादी इंदिरा जैन राजमोहल्ला क्षेत्र की निवासी हैं।




गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे वह वैष्णव स्कूल के सामने स्थित जैन मंदिर दर्शन के लिए पैदल जा रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके पास पहुंचे और पीछे बैठे आरोपी ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद तीनों आरोपी तेज रफ्तार से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और बदमाशों का पीछा भी किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी एमओजी लाइन की ओर भाग निकले। पीछा करने के दौरान बदमाशों ने हथियार दिखाकर लोगों को डराया, जिससे वे उन्हें पकड़ नहीं सके। घटना की सूचना मिलते ही मल्हारगंज पुलिस सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वारदात स्थल दो थाना क्षेत्रों की सीमा से लगा होने के कारण दोनों थानों की पुलिस संयुक्त रूप से जांच में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

**प्रवेश मेले का शुभारंभ**

# छात्राओं को प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के निर्देशन तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में प्रवेश समिति द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश मेला का शुभारंभ किया गया। यह प्रवेश मेला गत दिवस से आगामी 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रवेश मेले के उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।




महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रवेश मेला छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों से जोड़ने तथा उन्हें सही विषय एवं पाठ्यक्रम के चयन में मार्गदर्शन देने का प्रभावी माध्यम है। प्रवेश संबंधी सभी समस्याओं के समाधान हेतु महाविद्यालय में सहायता काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां विषय विशेषज्ञ प्राध्यापक एवं कंप्यूटरऑपरेटर्स ने छात्राओं को आवश्यक परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

प्रवेश मेले के दौरान छात्राओं को महाविद्यालय की उपलब्धियों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं, एनएसएस, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जा रही है। बड़ी संख्या में छात्राओं एवं अभिभावकों ने मेले में सहभागिता कर प्रवेश प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का आयोजन प्रवेश समिति की संयोजक प्रो. विनीता वर्मा तथा उनकी टीम द्वारा किया गया।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

### डॉ. यादव 5,017 करोड़ रुपये की

# उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना का आज करेंगे भूमि पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के सड़क अधोसंरचना विकास में 10 जुलाई को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस दिन उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग परियोजना का भूमि पूजन होगा। लगभग 98.73 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण 5,017 करोड़ रुपये की लागत से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा किया जाएगा।**

यह परियोजना उज्जैन दक्षिण, घट्टिया, नागदा-खाचरौद, आलोट एवं जावरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। दो वर्ष में पूर्ण होने वाली इस परियोजना से लगभग 35 लाख आबादी तथा 62 ग्राम प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग के निर्माण से उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा एवं तेज संपर्क मिलेगा। विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के दौरान राजस्थान, गुजरात तथा देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए यह मार्ग अत्यंत सुगम और सुविधाजनक साबित होगा। साथ



ही इंदौर, भोपाल एवं मालवा क्षेत्र की कनेक्टिविटी भी और अधिक सुदृढ़ होगी। परियोजना के अंतर्गत 98.73 किलोमीटर ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग, 3 रेल ओवरब्रिज, 9 वृहद पुल, 26 मध्यम पुल तथा 417 पुलियों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जावरा बायपास पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज से महू-नीमच फोरलेन मार्ग तक दोनों ओर सर्विस रोड का भी निर्माण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक एवं कृषि विकास को नई गति प्रदान करेगी। किसानों को अपनी उपज विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक शीघ्र पहुँचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं उद्योगों, लॉजिस्टिक्स एवं निवेश गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से यात्रा समय एवं ईंधन की बचत होगी तथा सड़क सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना मध्यप्रदेश की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं में से एक है, जिसके पूर्ण होने पर प्रदेश की आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी तथा मालवा क्षेत्र के समग्र विकास को महत्वपूर्ण गति प्राप्त होगी।

### 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर गुजरते काफिले के सामने आए 3 युवक

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में चूक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। 8 लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर गडकरी के काफिले के सामने अचानक तीन ग्रामीण युवक आ गए। घटना रतलाम जिले के शिवगढ़ ब्रिज के पास गुरुवार दोपहर की है।

इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि हाईवे के बीच में खड़े तीन युवक गाड़ियों को रुकने का इशारा कर रहे हैं। इसी दौरान केंद्रीय मंत्री के काफिले में शामिल वाहन इन ग्रामीणों के बगल से गुजरते हुए दूसरी लेन से निकल गए। सड़क पर लगे नेशनल हाईवे ऑफ इंडिया (NHAI) के कैमरों में इन गाड़ियों की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज हुई है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले की पड़ताल की। युवकों की पहचान शांतिलाल पिता कंजी भाभर (32), नंदलाल भाभर पिता कैलाश भाभर (30) और दिनेश भाभर पिता रामचंद्र भाभर (30) के रूप में हुई है। ये सभी निमकोपाड़ा पलसोड़ी गांव के रहने वाले हैं। युवकों ने पुलिस को बताया कि उनके बच्चे हाईवे के दूसरी तरफ बने स्कूल में पढ़ते हैं। वे रोज बच्चों को सड़क पार कराते हैं। गुरुवार को भी वे बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, जिसके लिए वे गाड़ियों को रुकने का इशारा कर सड़क पार कर रहे थे।

### फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ की थी मारपीट

# होटल पीताम्बरा रेसिडेंसी को नगर निगम ने किया सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। महाकाल थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा स्थित होटल पीताम्बरा रेसिडेंसी को गुरुवार को नगर निगम ने सील कर दिया। यह कार्रवाई फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट की घटना के एक दिन बाद की गई। इस दौरान होटल संचालक के परिजनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।**

नगर निगम की टीम बुलडोजर और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई के चलते क्षेत्र में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। कार्रवाई शुरू होते ही होटल संचालक के परिवार की महिलाओं ने नगर निगम अधिकारियों का घेराव कर विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई निष्पक्ष प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है, बल्कि एक दिन पहले हुए विवाद के बाद



दबाव बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। महिलाओं ने बताया कि होटल के नीचे उनका आवास है, जहाँ छोटे बच्चे भी मौजूद थे। इसके बावजूद पूरे भवन को खाली कराकर सील कर दिया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और महिलाओं के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस ने पहले समझाइश देने का प्रयास किया, लेकिन जब विरोध नहीं थमा तो महिलाओं को वहाँ से हटाकर कार्रवाई पूरी कराई गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान होटल परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। परिवार का दावा है कि फायर सेफ्टी निरीक्षण के दौरान विवाद की शुरुआत अधिकारियों के कथित अभद्र व्यवहार से हुई थी।

उनका कहना है कि इसी दौरान गुस्से में आकर उनके बेटे विकास अरोनया ने फायर अधिकारी पर हाथ उठा दिया था। परिवार ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद पूरे मामले को एकतरफा कार्रवाई का आधार बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे आदिवासी समाज से हैं और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि फायर सेफ्टी निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारी के साथ मारपीट किए जाने के मामले में अपराध दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी विकास अरोनया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

## जहरीली गैस से दो किसानों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** कुएं की जहरीली गैस की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम करीब 5:30 से 6 बजे के बीच किरनापुर थाना क्षेत्र के पिपरटोला गांव की है। दोनों किसान मोटर सुधारने के लिए कुएं में उतरे थे। जानकारी के मुताबिक, पिपरटोला के रहने वाले युवराज बिसेन (55) के खेत के पास बने कुएं की मोटर खराब हो गई थी। इसे सुधारने के लिए युवराज अपने परिचित महेश चौधरी (45) के साथ कुएं के अंदर गए थे। लेकिन कुएं में मौजूद जहरीली गैस के कारण दोनों तुरंत बेहोश हो गए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

## भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता राकेश यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव गुरुवार को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। यादव पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस नेतृत्व पर लगातार हमलावर थे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा संगठन प्रभारी हरीश चौधरी पर गंभीर आरोप लगाने के बाद चर्चा में आए थे। राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा करते हुए दावा किया था कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी संगठन चलाने के योग्य नहीं हैं।




## उफनती नर्मदा में कूदा युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला, एजेंसी।** जिले में मां नर्मदा पर बने बड़े रपटा पुल से मंगलवार को नदी में छलांग लगाने वाले एक युवक का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बीच, गुरुवार को इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक उफनती नदी में कूदता हुआ साफ दिखाई दे रहा है।

सामने आए वीडियो में दिख रहा है कि युवक पुल के बॉक्स गर्डर पर खड़ा है और अचानक नीचे उफनती हुई नर्मदा नदी में कूद जाता है।

नदी का बहाव इतना तेज था कि छलांग लगाने के कुछ ही सेकेंड के भीतर वह पानी में बह गया और जवानों की आंखों से ओझल हो गया।

घटना के बाद से ही स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## संपादकीय

# नर्मदा: 'दूसरों को खुशी देने वाली' उल्टी धारा

भारत की एक बड़ी नदी है, जो दरार वाली घाटियों से होकर गुजरती है। यह नदी ऐसी है, जो भारत के मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर बहती है। खास बात यह है कि यह नदी जिन इलाकों से होकर गुजरती है, वहां घने जंगल और पहाड़ हैं। यह नदी है नर्मदा, जिसे पौराणिक काल से ही भारत की सात पवित्र नदियों में से एक माना जाता है। गुजरात में इसी नदी के किनारे पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यानी सरदार वल्लभभाई पटेल की आदमकद विशालकाय प्रतिमा लगाई गई है। नर्मदा नदी मध्य प्रदेश में अमरकंटक की पहाड़ियों से निकलती है। इसकी खूबी ये है कि गंगा-यमुना जैसी भारत की बड़ी नदियों की तरह पश्चिम से पूर्व की ओर बहने के बजाय पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है। इस नदी बेसिन का दायरा करीब 98,796 वर्ग किलोमीटर है। यह गुजरात और मध्य प्रदेश की लाइफलाइन भी कही जाती है। नर्मदा की तरह ये छोटी नदियां जैसे तापी, माही, साबरमती, लूनी वगैरह भी पश्चिम की तरफ ही बहती हैं। मगर, नर्मदा इकलौती बड़ी नदी है, जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहते हुए अरब सागर में समा जाती है। यह अरब सागर में खंभात की खाड़ी के पास मिलती है और डेल्टा भी बनाती है। दक्षिण में कर्नाटक में शरवती नदी और केरल में पेरियार नदी भी पूर्व से पश्चिम की ओर ही बहती है। नर्मदा नदी का नाम संस्कृत से आया है। इसका अर्थ है, जो दूसरों को खुशी महसूस कराए। ऐतिहासिक रूप से नर्मदा को कई नामों से जाना जाता है। इसे ग्रीक इतिहासकर नमेडस बुलाते थे तो वहीं फारसी साहित्य में इसे नर्मदा या नर्मद ही कहा गया है। नर्मदा को रेवा भी कहा जाता है और शिव के पसीने से पैदा होने के नाते नर्मदा को शिव की बेटी भी कहा जाता है। नर्मदा नदी सतपुड़ा और विंध्य क्षेत्र के पहाड़ों के बीच से दरार वाली घाटियों से होकर गुजरती है। पौराणिक मान्यता है कि नर्मदा ने कभी शादी नहीं की। नर्मदा को आसमान की बेटी कहा जाता है। इस नदी की कहानी प्यार और विश्वासघात की कहानी है। जनश्रुतियों में कहा गया है कि नर्मदा को सोनभद्र से प्यार हो गया था, जो कि पुरुष नदी थी। यह खूबसूरत राजकुमार था। मगर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सोनभद्र को कुछ समय बाद ही अपनी नौकरानी ज्वाहिला से प्यार हो गय। इससे नर्मदा और सोनभद्र के बीच खाई बढ़ती गई। नर्मदा का दिल टूट गया। रूठकर उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया और पश्चिम की ओर बहने लग गई। कहा जाता है कि तभी से नर्मदा पूर्व से पश्चिम की ओर बहने लग गईं।

## महिला जगत




# 30 की उम्र में ही दिखने लगी हैं झाइयां-झुर्रियां?

### खीरे के साथ 2 चीज मिलाकर बनाएं टोनर, 1 महीने में दिखेगा फर्क

आजकल सभी लोग लंबे समय तक जवां रहना चाहते हैं, लेकिन बिगड़ी लाइफस्टाइल और प्रदूषण के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है. आलम ये है कि 30-35 की उम्र में ही लोगों के चेहरे पर दाग-धब्बों के साथ झुर्रियां और झाइयां आ जाती हैं, जिनकी वजह से वो अपनी उम्र से बड़े लगने लगते हैं. इन चीजों से छुटकारा पाने के लिए लोग महंगे-महंगे ट्रीटमेंट्स और प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हर बार ये असर नहीं दिखाते हैं. अगर आपके चेहरे पर भी दाग-धब्बे, झाइयां या टैनिंग हो गई है और स्किन की चमक फीकी पड़ गई है, तो हर बार महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट खरीदने की जरूरत नहीं है. जी हां, आप रसोई में मौजूद खीरा, ग्रीन टी और गुलाब जल की मदद से एक नेचुरल टोनर तैयार कर सकते हैं. ये स्किन को फ्रेशनेस देने के साथ-साथ उसे हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है. इसका रोजाना इस्तेमाल करने पर धीरे-धीरे स्किन साफ और फ्रेश नजर आ सकती है. चलिए जानते हैं कैसे बनाते हैं ये स्किन टोनर.

#### टोनर लगाने से क्या फायदा होता है?

आजकल मार्केट में तरह-तरह के टोनर्स आते हैं, लेकिन घर का बना ये टोनर स्किन को चमकाने का काम कर सकता है. चेहरा धोने के बाद ये टोनर लगाने से स्किन को ठंडक मिलती है और स्किन फ्रेश महसूस होती है. यहे स्किन को मॉइश्चराइजर लगाने के लिए तैयार करता है. खीरा और ग्रीन टी जैसे नेचुरल तत्व एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जबकि गुलाब जल स्किन को सुकून देने का काम करता है.

#### घर पर ऐसे बनाएं खीरा-ग्रीन टी टोनर

इस टोनर को बनाने के लिए आपको जरूरत होगी - 2 खीरे, 1 ग्रीन टी बैग (या ग्रीन टी का पानी), थोड़ा सा गुलाब जल।

इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें. अब ग्रीन टी तैयार करें और ठंडी होने के बाद उसे खीरे के रस में मिला दें. आखिर में इसमें थोड़ा गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें. तैयार किए गए मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रख दें.

#### इस्तेमाल करने का सही तरीका

खीरे और ग्रीन टी से घर पर टोनर बनाने के बाद इसे सुबह चेहरा धोने या नहाने के बाद मॉइश्चराइजर लगाने से पहले चेहरे पर स्प्रे करें. इसे रोजाना इस्तेमाल करने से स्किन फ्रेश महसूस होगी. अगर नियमित रूप से करीब एक महीने तक इसका इस्तेमाल किया जाए, तो दाग-धब्बे और झाइयां हल्की पड़ने में मदद मिल सकती है.

#### कैसे काम करता है ये टोनर?

एक्सपर्ट्स की मानें तो खीरा, ग्रीन टी और गुलाब जल तीनों में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. ये स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने और स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं. हालांकि, इसे लगाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी घरेलू नुस्खे धीरे-धीरे असर दिखाता है, इसलिए लगाते ही चमत्कार की उम्मीद न करें. थोड़ा धैर्य बनाए रखना जरूरी होता है.

#### इन बातों का जरूर रखें ध्यान

1. किसी भी नए घरेलू नुस्खे को चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें.
2. अगर खुजली, जलन या एलर्जी महसूस हो तो इसका इस्तेमाल तुरंत बंद कर दें.
3. अगर आप चाहते हैं कि रिजल्ट अच्छा मिले तो रोजाना सनस्क्रीन लगाना और पर्याप्त पानी पीना भी जरूरी है.
4. अगर झाइयां या दाग-धब्बे लंबे समय से हैं या तेजी से बढ़ रहे हैं, तो स्किन एक्सपर्ट से सलाह लेना बेहतर रहेगा.



New Delhi

# 12% से ज्यादा अल्कोहल वाली दवा अब बिना पर्चे के नहीं मिलेगी, सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में कफ सिरप और टॉनिक का नशे के रूप में हो रहे गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने एक बेहद सख्त कदम उठाया है. सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में बड़ा संशोधन करते हुए ज्यादा अल्कोहल मात्रा वाली ओरल दवाओं (सिरप/टॉनिक) को 'शेड्यूल H1' श्रेणी में डाल दिया है. इस फैसले के बाद अब ऐसी दवाएं काउंटर पर खुलेआम बिना डॉक्टर के पर्चे (Prescription) के नहीं बेची जा सकेंगी. सरकार द्वारा जारी नए नियमों के मुताबिक, दो शर्तों को पूरा करने वाली सभी ओरल लिक्विड दवाएं अब कड़ी निगरानी के दायरे में होंगी- जो



भी दवा 30 मिलीलीटर (ml) से बड़ी पैकिंग में आती है. अल्कोहल की मात्राः जिसमें इथाइल अल्कोहल की मात्रा 12% से अधिक है. इन दोनों मापदंडों के दायरे में आने वाली सभी दवाओं को अब Schedule H1 लिस्ट में शामिल कर दिया गया है. आपको बता दें कि यह वही लिस्ट है जिसमें नींद की गोलियां, हैवी पेनकिलर्स और नशे के लिए इस्तेमाल की जा सकने वाली बेहद संवेदनशील दवाएं शामिल होती हैं. सरकार ने इस बदलाव के तहत 'Schedule K' में भी संशोधन किया है. इसके तहत पहले जिन दवाओं को नियमों और बिक्री में कुछ विशेष छूट मिलती थी, वह छूट अब 30 ml से बड़ी और 12% से ज्यादा अल्कोहल वाली ओरल दवाओं पर लागू नहीं होगी.

Uttarpradesh

## गुरुग्राम के सुशांत लोक में आधी रात एनकाउंटर, दीपक नांदल गैंग के 4 शूटर ढेर



**गुरुग्राम, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटा हरियाणा का गुरुग्राम में गुरुवार की रात गोलियों की तड़तड़ाहट गूंज उठी. साइबर सिटी गुरुग्राम में पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ में चार बदमाशों को ढेर कर दिया है. पुलिस मुठभेड़ में मारे गए सभी चारों बदमाश दीपक नांदल गैंग के बताए जा रहे हैं. दीपक नांदल विदेश से अपना गैंग चलाता है.

मुठभेड़ गुरुग्राम के सुशांत लोक इलाके में हुई. जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि सुशांत लोक इलाके में कुछ हथियारबंद अपराधी हैं. ये सभी अपराधी एक स्कॉर्पियो में सवार हैं. सूचना के बाद एक्टिव हुई क्राइम ब्रांच की टीम ने सुशांत लोक इलाके में दबिश दी. क्राइम ब्रांच की टीम जब तक सुशांत लोक पहुंची, स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने एक व्यवसायी के घर पर फायरिंग शुरू कर दी थी.

क्राइम ब्रांच ने बदमाशों की घेराबंदी कर उनसे सरेंडर करने को कहा. बदमाशों ने क्राइम ब्रांच की टीम पर भी फायर झोंक दिया. क्राइम ब्रांच की जवाबी कार्रवाई में स्कॉर्पियो सवार सभी पांच बदमाशों को गोली लगी. क्राइम ब्रांच की टीम ने बदमाशों को एक नजदीकी प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया.

एक बदमाश का उपचार चल रहा है. बदमाशों के पास से पांच ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं. इस मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं. सभी घायलों का इलाज चल रहा है.

Uttarpradesh

राम मंदिर चढ़ावा चोरी

## शेयर बाजार में खपाई रकम, एक किलो सोना गलवाया; तीन आरोपियों के ठिकानों से मिला ये सामान

**लखनऊ, (एजेंसी)** कस्टडी रिमांड पर लिए गए राम मंदिर चढ़ावा चोरी के तीन आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक कार, चोरी की रकम से खरीदे गए गहने और नकदी बरामद की है। 40 घंटे पूछताछ और बरामदगी के बाद पुलिस ने रिमांड अवधि खत्म होने पर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। कार्रवाई के दौरान चोरी से जुड़े कई अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे हैं। अब तक चार आरोपियों को रिमांड पर लिया जा चुका है। टिन्नू व मनीष को भी रिमांड पर लेने की तैयारी है।

पुलिस ने कोर्ट की अनुमति के बाद बुधवार सुबह आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को कस्टडी रिमांड पर लिया था। आरोपियों को जेल से पुलिस लाइन लाकर घंटों पूछताछ की गई। इसके बाद घटना स्थल पर ले जाया गया। पुलिस उन्हें लेकर वहां भी गई जहां चोरी की रकम का बंटवारा कर पार्टी की जाती थी।

New Delhi

## मूसलाधार बारिश लाएगी आफत, यूपी-बिहार समेत 10 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में 12 जुलाई तक तेज बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आ सकती है। वहीं 15 जुलाई के बाद बारिश में कमी देखी जा सकती है। केरल में मौसम विभाग ने कम से कम तीन जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में अच्छी-खासी गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहने का अनुमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक जा सकता है। मुज्फ्फरनगर, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद,



रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बांदा और बदायूं में भारी से भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोंडा, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, मिर्जापुर, वाराणसी, संत कबीरनगर जिलों में मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर कम दबाव का सिस्टम ऐक्टिव होने की वजह से बारिश की गतिविधियां बढ़ी हैं।

खेल

# भारत से पहली बार 2+ मैचों की T20 सीरीज जीता इंग्लैंड, गेंदें शेष रहते हुए टीम की तीसरी बड़ी हार

**ब्रिस्टल, (एजेंसी)** हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट के अर्धशतकों और दूसरे विकेट के लिए 146 रनों की अविजित साझेदारी के दम पर इंग्लैंड ने भारत को चौथे टी20 मैच में नौ विकेट से हराया। इंग्लैंड ने इसके साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत को श्रेयस की कप्तानी में लगातार दूसरी सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले आयरलैंड ने भारत को 0-2 से मात दी थी। भारत ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 13.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।

श्रेयस के दौर की ये बेहद खराब शुरुआत है। पहले आयरलैंड और अब इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज हार भारत के लिए काफी निराशाजनक है। 2019 के बाद यह पहली बार है




जब भारत ने लगातार दो टी20 सीरीज गंवाई है। इतना ही यह पहली बार है जब इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दो या इससे ज्यादा मैचों की टी20 द्विपक्षीय सीरीज अपने नाम की है। दोनों टीमों के बीच इससे पहले छह में से पांच सीरीज भारत ने जीती थी, जबकि एक सीरीज ड्रॉ रही थी। मौजूदा सीजन से पहले भारत ने पिछली 12 द्विपक्षीय सीरीज में से 11 अपने नाम की थी, जबकि दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी। टी20 में गेंदें शेष रहते हुए भारत की यह तीसरी सबसे बड़ी हार है। वहीं, इंग्लैंड की भारत के खिलाफ टी20 में गेंदें शेष रहते हुए ये सबसे बड़ी जीत है। इंग्लैंड ने यह मैच 37 गेंदें शेष रहते हुए अपने नाम किया है। भारत को इस मामले में सबसे बड़ी हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2008 में मिली थी, जब टीम इंडिया 52 गेंदें शेष रहते मुकाबला हार गई थी। वहीं, 2025 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 40 गेंदें शेष रहते हुए हराया था।

इंग्लैंड के लिए इस मैच में ब्रूक और सॉल्ट ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए और भारत के हाथ से ना सिर्फ मैच छीना, बल्कि सीरीज भी छीन ली। इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर टी20 में भारत के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए चौथी सबसे बड़ी साझेदारी की। इस मामले में ब्रूक और सॉल्ट ने डेविड वॉर्नर और शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2012 में 133 रनों की साझेदारी की थी।

भारत पहले ही सीरीज में 0-2 से पिछड़ हुआ था और उसे सीरीज में बराबरी हासिल करने के लिए जीत जरूरी थी। लेकिन टीम इंडिया ऐसा नहीं कर सकी। इंग्लैंड की ओर से कप्तान ब्रूक ने 35 गेंदों पर आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 79 रन बनाए, जबकि सॉल्ट ने 42 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 59 रनों की पारी खेली। जोस बटलर आठ रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

# 'डॉ. आरंभी' के जूनियर एक्टर संजीब सिंह की पेट्रोल पंप पर मौत



टीवी सीरियल 'डॉ. आरंभी' की शूटिंग पूरी करने के बाद घर लौट रहे जूनियर कलाकार संजीब सिंह के निधन की घटना से इंडस्ट्री में इस वक्त हड़कंप है। दरअसल, शो की शूटिंग आधी रात को खत्म होने के बाद रविवार तड़के उन्हें रास्ते में हार्ट अटैक आया। 'न्यूज 9' की रिपोर्ट के मुताबिक, 51 साल के संजीब सिंह की मौत ने एक बार फिर फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम करने वाले कलाकारों और वर्कर्स के लंबे वर्किंग आवर्स और उनकी सेहत को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया गया है कि संजीब सिंह मुंबई के साकी नाका स्थित एसजे स्टूडियो में 'डॉ. आरंभी' की शूटिंग कर रहे थे। FWICE के महासचिव अशोक दुबे ने बताया कि उन्होंने दोपहर करीब 2 बजे शूटिंग शुरू की थी, जो देर रात लगभग 3 बजे तक चली। अशोक दुबे के मुताबिक, शूटिंग के दौरान संजीब की तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। उन्हें बेचैनी महसूस हो रही थी, इसलिए वह बीच-बीच में कुछ देर आराम भी कर रहे थे। शूटिंग खत्म होने के बाद वह अपनी बाइक से घर के लिए निकले। रास्ते में जब उन्होंने पेट्रोल भरवाने के लिए बाइक रोकी, तभी वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। शुरुआती जानकारी के अनुसार, उन्हें हार्ट अटैक आया था।

## Highlights

1. PM Modi asked how my Indian cooking was progressing: Scott Morrison
2. Licences of Mumbai's K Rustom ice-cream outlet, Nagpur's Shree Heera Sweets suspended
3. Gadkari rebuts YouTuber's claim that E20 petrol damaged his car, reveals the truth
4. Make the road yourself: UP minister when asked about faults in Lucknow-Kanpur Expressway
5. Bengaluru engineer among 23 designated as terrorists by Centre
6. India’s Aswath S becomes country’s 98th Chess Grandmaster
7. India's Commonwealth team to wear jute-blended apparel in Glasgow


# OpenAI pulls the plug on Atlas, as Google extends lead in the AI browser race




**NEW DEIHI, (Agency).** While the attention was undoubtedly on artificial intelligence (AI) company OpenAI releasing the GPT-5.6 frontier model family and a new ChatGPT Work agent, almost hidden somewhere in the footnotes is the news that it is now the end of the road for the Atlas web browser. This was launched in October last year, at a time when there was palpable excitement for ‘AI browsers’.

“We are going to be sunsetting Atlas. All these capabilities were built on what we learned from Atlas users who took a leap of faith on a new browser. You taught us how agents can help make browsing and doing work on the open web better, and we are applying these learnings to these new products,” wrote OpenAI’s James Sun, in a post on X. The expected date of shutting down Atlas is August 9.

The plan is to integrate some of the browsing, and indeed agentic browsing features, into the ChatGPT app. And there his also a new ChatGPT extension for Google Chrome browsers, which would give it access to the content on the web page a user would be viewing at the time, and provide context, summarisations and start longer automated tasks.



ड्रग्स मामले में हुई कार्रवाई

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भाई नाना हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को इंदौर पुलिस ने हिरासत में लिया है। है। उन पर दो थानों में पहले से मामले दर्ज हैं। इससे प्रदेश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भ्रष्टाचार और उज्जैन जमीन मामले को लेकर आंदोलन की घोषणा की थी। इसी के चलते सरकार ने बदले की भावना से उनके भाई को हिरासत में लिया है।



नाना पटवारी को लेकर राज्यसभा सदस्य विवेक तनखा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि इंदौर पुलिस ने बिना सूचना दिए नाना पटवारी को किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि पुलिस उन्हें कहां ले गई है, इसकी जानकारी भी परिवार को नहीं दी गई। तनखा ने यह भी लिखा कि इंदौर पुलिस ऐसी परिपाटी न बनाए, जो भविष्य में तकलीफदेह साबित हो। जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी के खिलाफ हत्या के प्रयास और जमीन से जुड़े एक अन्य मामले में पहले से केस दर्ज हैं। फिलहाल उन्हें ड्रग्स नेटवर्क मामले में हिरासत में लिया गया है। राजेंद्र नगर पुलिस ने दो ड्रग पैडलरों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने नाना से संबंध होना बताया। इसके बाद पुलिस ने नाना को थाने बुलाया। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भी इंदौर पुलिस ने नाना पटवारी को गिरफ्तार किया था। उस समय उनकी गिरफ्तारी सात साल पुराने एक मामले में हुई थी, जिसमें वे फरार चल रहे थे। नाना और उनके दो साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। इसके अलावा, पिछले वर्ष तेजाजी नगर पुलिस ने नाना समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज किया था। फरियादी नरेंद्र मेहता का आरोप था कि उनकी जमीन पर धोखे से नाना पटवारी ने कब्जा कर लिया था।

## एससी में सोनम का जवाब - मैं निर्दोष हूं

- जमानत रद्द करने की याचिका पर दिया हलफनामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हनीमून के बहाने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराने के बहुचर्चित मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी ने पहली बार सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे के जरिए अपनी चुप्पी तोड़ी है। जमानत पर जेल से बाहर चल रही सोनम ने सर्वोच्च अदालत में दावा किया है कि वह पूरी तरह निर्दोष है और उसे झूठा फंसाया गया है। उसने कहा कि जांच एजेंसी ने केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उसे आरोपी बनाया है, जबकि हत्या की घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं है। उधर, मेघालय सरकार उसकी जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सोनम रघुवंशी की ओर से उसके वकील ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। हलफनामे में कहा गया है कि सोनम निर्दोष है और उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उसका राजा रघुवंशी की हत्या से कोई संबंध नहीं है। सोनम ने अदालत से कहा है कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित हैं और ऐसे साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मेघालय सरकार ने सोनम रघुवंशी की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द करने से इनकार किया है। मामले में गुरुवार को सुनवाई निर्धारित है, जहां दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क रखेंगे। गाजीपुर से सोनम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अदालत में चार्जशीट पेश की थी। चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रची थी। जांच एजेंसी का दावा है कि राज कुशवाह ने हत्या के लिए अपने तीन साथियों को शिलांग भेजा था। वहां चारों ने मिलकर पहले राजा रघुवंशी की हत्या की और बाद में शव को खाई में फेंक दिया। सोनम की गिरफ्तारी के दौरान दर्ज की गई धाराओं में टाइपिंग संबंधी त्रुटि सामने आई थी। इसी आधार पर शिलांग की निचली अदालत ने सोनम की जमानत मंजूर कर ली। इसके बाद मेघालय सरकार ने जमानत रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन हाईकोर्ट ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद मेघालय सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सोनम को नोटिस जारी किया था, जिसके जवाब में उसने हलफनामा दाखिल किया।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक